eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ०प्र० जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली।

पत्रांक 5173 / पेपर कटिंग / 153 दिनांक 20.6.26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

**विषयः–** **दैनिक समाचार पत्र "चन्दौली समाचार" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "सोनहुल गांव में फूटा जनता का गुस्साः हर घर नल योजना फेल, पानी की बूंद–बूंद को तरसे ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन" के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "चन्दौली समाचार" में दिनांक– 20.06.2026 को प्रकाशित शीर्षक "सोनहुल गांव में फूटा जनता का गुस्ताः हर घर नल योजना फेल, पानी की बूंद–बूंद को तरसे ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन" के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा०क्षे०), उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI


Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), चन्दौली।

| समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र चन्दौली समाचार एवं दिनांक– 20.06.2026 | सोनहुल गांव में फूटा जनता का गुस्सा: हर घर नल योजना फेल, पानी की बूंद–बूंद को तरसे ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन | जनपद चन्दौली के विकासखण्ड चकिया में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स जी0ए0 इन्फ्रा–बाबा (जे0वी0) द्वारा तिलौरी–सोनहुल पेयजल योजना का अनुरक्षण एवं संचालन कराया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्य ट्यूबवेल, पम्प हाउस, बाउण्ड्री वॉल, शिरोपरि जलाशय की क्षमता 275के0एल0/14मी0, पाइप लाइन 20192 मी0 के सापेक्ष 20192 मी0, गृह जल संयोजन का कार्य 770 नग के सापेक्ष 770 का कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त योजना में पाइप लाइन चोक होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित है। जिसका मरम्मत कार्य प्रगति पर है, जिसे यथाशीघ्र पूर्ण करते हुये नियमित पेयजल की आपूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। | – |

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

दिनांक - 20/06/25
चंदौली समाचार

# सोनहुल गांव में फूटा जनता का गुस्सा: हर घर नल योजना फेल, पानी की बूंद-बूंद को तरसे ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

*चंदौली के सोनहुल गांव में 'हर घर नल योजना' सफेद हाथी साबित हो रही है। महीनों पहले कनेक्शन लगने के बाद भी पानी न मिलने से नाराज ग्रामीणों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया।*



**हर घर नल योजना बनी शोपीस**

**पानी की बूंद-बूंद को तरसे ग्रामीण**

**महीनों पहले मिले थे नल कनेक्शन**

**भीषण गर्मी में बढ़ा पेयजल संकट**

**मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी**

चंदौली जिले के चकिया विकासखंड में आने वाले सोनहुल गांव से विकास के दावों की पोल खोलने वाली तस्वीर सामने आई है। यहाँ जल जीवन मिशन के तहत शुरू की गई 'हर घर नल योजना' सिर्फ एक शोपीस बनकर रह गई है। योजना के तहत घरों में नल तो लगा दिए गए, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी लोगों को पीने के पानी की एक बूंद नसीब नहीं हुई है। इस बात को लेकर गुरुवार को ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया।

Scanned with OKEN Scanner

### ग्रामीणों ने गली में उतरकर किया प्रदर्शन

पानी की गंभीर किल्लत से जूझ रहे दर्जनों की संख्या में आक्रोशित ग्रामीण गांव की ही एक गली में इकट्ठा हो गए। उन्होंने प्रशासन के ढीले रवैये के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने विभाग के बड़े अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए। लोगों का कहना है कि कागजों पर तो योजना को सफल दिखाया जा रहा है, लेकिन हकीकत में इसके क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है।

---

**Also Read** - बेटे की शादी की खुशियां मातम में बदलीं, धानापुर में सड़क दुर्घटना में 55 वर्षीय व्यक्ति की गई जान

---

### कनेक्शन तो मिले पर पानी कब आएगा?

स्थानीय निवासियों का कहना है कि सरकार ने लाखों रुपये खर्च करके हर घर में पानी पहुंचाने के मकसद से महीने भर पहले पाइपलाइन बिछाई और कनेक्शन दे दिए। लेकिन आज तक एक भी घर की टोटी से पानी नहीं टपका। नल और पाइपलाइन का पूरा ढांचा खड़ा होने के बावजूद योजना का लाभ जनता को नहीं मिल रहा है, जिससे गांव के हर परिवार में अधिकारियों के खिलाफ भारी नाराजगी और रोष बना हुआ है।

### शिकायतों के बाद भी नहीं जागा प्रशासन

प्रदर्शन में शामिल हंसराज और संगीता देवी समेत दर्जनों लोगों ने अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के बीच पूरा गांव पानी की बूंद-बूंद के लिए परेशान है। जल जीवन मिशन की यह बड़ी योजना सिर्फ कागजों तक सिमट गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार जिम्मेदार अधिकारियों के चक्कर काटे और तहसील दिवस में भी अपनी गुहार लगाई, लेकिन आज तक उनकी समस्या को किसी ने नहीं सुना।

### मांग पूरी न होने पर दी बड़े आंदोलन की चेतावनी

सोनहुल गांव के प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने अब प्रशासन को सीधे शब्दों में खुली चेतावनी दे दी है। उन्होंने कहा कि अगर गांव में जल्द से जल्द नलों के जरिए पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई, तो वे जिला मुख्यालय जाकर जिलाधिकारी से इसकी सीधी शिकायत करेंगे। इसके साथ ही ग्रामीण बड़े पैमाने पर आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो, लापरवाह अफसरों पर कार्रवाई की जाए और तुरंत जलापूर्ति बहाल की जाए।

Scanned with OKEN Scanner